हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 27 मई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

4
पर्यावरण चेतना की अनूठी पहल, बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा और जागरूकता



### वीडियो वायरल होने के बाद एक्शन में प्रशासन, दिए जांच के आदेश

# ब्लैकमार्केटिंग का पंप, रात के अंधेरे में खपाया 150 रुपए लीटर डीजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

एक तरफ जहां चिलचिलाती धूप और संकट के बीच किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए बूंद-बूंद डीजल को तरस रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कोतबा के ओम फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर रात के अंधेरे में डीजल 150 रुपए प्रति लीटर बेचा जा रहा है। इस गोरखधंधे का पर्दाफाश तब हुआ जब रात के 10 से 12 बजे के बीच हो रही इस अवैध सप्लाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। खुद को फंसता देख और प्रशासनिक कार्रवाई से बचने के लिए पंप प्रबंधन ने आनन-फानन में मंगलवार को प्रति ट्रैक्टर केवल 500 रुपये का सीमित डीजल बांटकर खानापूर्ति करने की कोशिश की।

कोतबा में अन्नदाताओं के हक पर डाका डालने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। नगर के पेट्रोल पंप पर पिछले चार दिनों से पर्याप्त मात्रा में डीजल का भंडारण होने के बावजूद स्थानीय किसानों को एक-एक लीटर तेल के लिए भी भटकाया जा रहा था, जबकि रात के अंधेरे में मोटी रकम लेकर व्यापारियों को अवैध रूप से भारी मात्रा में




डीजल की सप्लाई की जा रही थी। स्थानीय किसानों और खेती-किसानी से जुड़े ग्रामीणों का आरोप है कि बीते शुक्रवार को ओम फ्यूल्स' में डीजल का भारी स्टॉक आया था। उस दिन के बाद से ही पंप संचालक और वहां के कर्मचारियों ने 'डीजल खत्म है' या 'नोजल खराब है' जैसे घिसे-पिटे बहाने बनाकर किसानों को गुमराह करना शुरू कर दिया। दिन में किसानों को खाली हाथ लौटाने के बाद, रात में इसी डीजल को कालाबाजारी के जरिए व्यापारियों को 140 से 150 रुपए प्रति लीटर की दर पर बेचा जा रहा है।

इस अवैध खेल में पंप संचालक को 40 से 50 रुपये प्रति लीटर का सीधा और मोटा मुनाफा मिल रहा है, जिससे वे अपनी जेबें गर्म कर रहे हैं। जबकि जिन किसानों की धान की फसलें खेतों में परिपक्व हैं, उन्हें दुत्कार दिया गया।

### मालिक का आदेश

इस मामले पंप के कर्मचारियों ने सारा ठीकरा पंप मालिक पर फोड़ दिया। उन्होंने बताया कि वे केवल पंप संचालक के आदेशों का पालन कर रहे हैं। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और किसानों ने अब जिला प्रशासन से मांग की है कि स्टॉक की जांच हो। पिछले शुक्रवार को कितने लीटर डीजल का भंडारण हुआ था और आज (मंगलवार) तक कागजों में कितनी बिक्री दिखाई गई है इसका मिलान किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि पंप पर लगे मुख्य सीसीटीवी कैमरों के पिछले चार दिनों के फुटेज की बारीकी से फॉरेंसिक जांच हो, जिससे रात के अंधेरे में डीजल ले जा रहे वाहनों और कालाबाजारी की पूरी सच्चाई सामने आ सके।

### जांच के बाद कार्रवाई

यह पूरी तरह से अवैधानिक और नियमों के खिलाफ है। शासन के कड़े नियमों का पालन न करना मैं तुरंत खाद्य विभाग और संबंधित अधिकारियों की टीम को जांच के लिए मौके पर भेज रहा हूं। जांच में यदि कालाबाजारी और अनियमितता की पुष्टि होती है, तो पंप संचालक के खिलाफ एफआईआर सहित लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

-ऋतुराज बिसेन, एसडीएम, पत्थलगांव



### अंपायरिंग विवाद से गरमाया केपीएल फाइनल

## दर्शकों में आक्रोश के बीच एमआई की जीत, बीच में रुका खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी के खेल मैदान में आयोजित केपीएल चैप्टर-4 का ग्रैंड फाइनल इस बार जहां रोमांच और शानदार खेल के लिए यादगार रहा, वहीं अंपायरिंग विवादों के कारण भी सुर्खियों में रहा। हजारों दर्शकों की मौजूदगी के बीच खेले गए इस मुकाबले में कुनकुरी इंडियंस (एमआई) ने कुनकुरी किंग्स (पीबीकेएस) को 16 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले के दौरान अंपायरिंग को लेकर बड़ा विवाद देखने को मिला। कुछ फैसलों से असंतुष्ट होकर खिलाड़ियों ने विरोध जताया। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब उप विजेता ने बीच मैच में ही खेल से दूरी बना ली। इसके बाद मैच कुछ समय के लिए रुक गया



और उपविजेता टीम ने मैदान में उतरने से इनकार कर दिया। हालांकि, गणमान्य नागरिकों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ और दोनों टीमें फिर से खेलने के लिए तैयार हुईं। पूरे मैच के दौरान अंपायरिंग पर सवाल उठते रहे और आयोजन समिति पर पक्षपात के आरोप भी लगे। इस मौके पर केपीएल चेयरमैन सीए बिनीत कुमार जिंदल, सचिव महेश त्रिपाठी और अध्यक्ष चेतन गुप्ता “चिंटू”सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सरबकोम्बो और अमडीहा में आज लगेगा शिविर

**जशपुरनगर।** बगीचा जनपद के ग्राम सरबकोम्बो और फरसाबहार जनपद के अमडीहा में 27 मई शिविर लगाए जाएंगे। दोनों शिविरों में कुल 28 गांवों के ग्रामीण शामिल होंगे। सरबकोम्बो शिविर में 12 गांवों सरबकोम्बो, बुटंगा, गायलुंगा, कलिया, बच्छरांव, रमसमा, साहीडांड, करमा, कुदमुरा, रनपुर, तम्बाकछार एवं पंडरीपानी के ग्रामीण अपनी समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इसी प्रकार अमडीहा के शिविर में 16 गांवों अमडीहा, बाम्हनमारा, जबला, जामबहार, घुमरा, बांसाझाल, पुराईनबंध, समडमा, केरसई, कोहपानी, लठबोरा, साजबहार, सिंगीबहार, सुण्डरु, तपकरा एवं उपरकछार के ग्रामीण अपनी मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक लिखित रूप में अपने आवेदन शिविरों में देंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा।

### कल रहेगा ईद-उल-जुहा का सार्वजनिक अवकाश

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा “ईद-उल-जुहा (बकरीद)” के अवसर पर घोषित सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार, पूर्व में “ईद-उल-जुहा (बकरीद)” हेतु 27 मई बुधवार को घोषित सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश को संशोधित करते हुए अब 28 मई गुरुवार को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

### कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तिथि घोषित

**जशपुरनगर।** भारतीय सेना में भर्ती वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तिथि भारतीय सेना द्वारा घोषित कर दी गई है। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 1 से 5 जून तथा 8 से 12 जून तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा छत्तीसगढ़ के 5 शहरों भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर एवं जगदलपुर के 10 परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी। ऑनलाइन परीक्षा प्रतिदिन 3 से 4 शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए जाने शुरू हो गए हैं। उम्मीदवार भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सेना द्वारा उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे एडमिट कार्ड में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा निर्धारित समय से पूर्व अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है तथा चयन केवल योग्यता के आधार पर किया जाता है। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के दलालों एवं भ्रामक आश्वासनों से सावधान रहने की सलाह दी गई है।

### मरगा नदी पुल निर्माण कार्य प्रगति पर

**जशपुरनगर।** जशपुर-सन्ना मार्ग पर मरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल के संबंध में लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण द्वारा स्थिति स्पष्ट की गई है। विभाग ने बताया कि पुल निर्माण कार्य नियमानुसार प्रगति पर है और निर्धारित समयावधि में इसे पूर्ण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 29 सितंबर को 452.96 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके पश्चात निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ठेकेदार अंशुल गोयल विश्रामपुर, जिला सूरजपुर को 6 मार्च को कार्यादेश जारी किया गया। विभाग ने जानकारी दी कि वर्तमान में यातायात को सुगम बनाए रखने हेतु डायवर्सन रोड का निर्माण किया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा भविष्य में और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी।

### सड़क बनी लेकिन नहीं हुआ नाली निर्माण

## लोक निर्माण विभाग की नजरअंदाजी का दंश झेल रहे ग्राम सलका अधिना के लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ग्राम पंचायत सलका अधिना सहित आसपास के अन्य ग्राम पंचायत के लोग बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से परेशान है। ऐसा नहीं है कि सड़क निर्माण के दौरान पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं कराया गया है लेकिन नाली की सफाई नहीं होने से नाली पूर्ण रूप से मिट्टी से पट गया है। ऐसे में बारिश होते ही सड़क न सिर्फ तालाब में तब्दील हो जाती है बल्कि जलभराव के कारण सड़क का गंदा पानी घरों में घुसने से लोग परेशान है।

पानी निकासी और नाली की सफाई किए जाने को लेकर क्षेत्र के लोगों ने कई बार शिकायत की लेकिन आज तक नाली की सफाई नहीं हो सकी जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।एलडब्ल्यू ई मद से लोक निर्माण विभाग द्वारा कुछ साल पहले कल्याणपुर लटोरी से सलका करोटी तक सड़क निर्माण के साथ सलका मुख्य मार्ग के अगल-बगल में नाली निर्माण कराया था जिससे बारिश के पानी निकासी हो सके। निर्माण के बाद मूसलाधार बारिश में भी नाली के माध्यम से पानी निकासी हो जाती थी। लेकिन नियमित साफ-सफाई के अभाव में नाली में मिट्टी भर जाने से पानी निकासी की समस्या उत्पन्न हो गई है। ऐसे में बारिश होने के बाद सड़क पर जलभराव होने से सड़क तालाब में तब्दील हो जाता है और जमा गंदा पानी घरों व दुकान में घुसने से लोगों का सामान खराब हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क किनारे पानी निकासी के लिए नाली तो बनाया गया है।

**खास बात**

- आक्रोशित ग्रामीणों ने दी चक्का जाम व आंदोलन करने की चेतावनी

### विभाग के अधिकारियों से करेंगे चर्चा

पिछले वर्ष मौके पर निरीक्षण कर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा 20 से 25 दिनों नाली निर्माण का आश्वासन दिया था कि नया नाली बनवाकर पानी निकासी करवा देंगे। जो खुली नाली है उस पर ढक्कन लगाएंगे। लेकिन आज तक नानी निर्माण नहीं हुआ है तो इस संबंध में विभाग के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

-शिवनारायण राठिय, तहसीलदार भटगांव

### संकल्प शिक्षण संस्थान में प्रवेश हेतु चयन सूची जारी

**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में नवीन प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा की चयन सूची जारी कर दी गई है। परीक्षा उपरांत बालक-बालिका की संयुक्त प्रावीण्य सूची तैयार कर जिले के आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए अंतिम चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। जिसका जशपुर एन आई सी की वेबसाइट में अवलोकन किया जा सकता है। प्राचार्य विनोद गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों को आवंटित संस्थान में 09 जून 2026 तक अनिवार्य रूप से प्रवेश लेना होगा। निर्धारित तिथि के बाद रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची से प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थियों को चयन सूची के क्रम अनुसार ही बुलाया जाएगा। विलंब से आने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी।

## कॉफ़ी विथ कलेक्टर कार्यक्रम में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

यूनिसेफ द्वारा आयोजित कॉफी विद कलेक्टर जिसमें निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रिम रूप से कार्य करने वाले संस्थाओं एवं युवा कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।

इस दौरान जिला कलेक्टर रोहित व्यास जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार जिला अधीक्षक लाल उमेद सिंह मौजूद एवं यूनिसेफ की जिला समन्वयक शालिनी गुप्ता उपस्थित थे। इस दौरान गायत्री परिवार के पार्वती चौहान एवं रवि गुप्ता को उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रीमती पार्वती चौहान ने कहा कि गायत्री परिवार जिले में 1 दिवसीय, 3 एवं 5 दिवसीय युवा चेतना शिविर के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण एवं सफल जीवन के सूत्र, स्वावलंबन शिक्षा, योग शिक्षा, ध्यान, नशा मुक्ति अभियान आदि के माध्यम से युवाओं को सन्मार्ग की ओर चलने के लिए



पार्वती चौहान एवं रवि गुप्ता को सम्मानित किया गया





प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि यह विशेष शिविर गायत्री परिवार निःशुल्क रूप से आयोजित कर रह है। उन्होंने 1 से 6 जून तक आगामी युवा शिविर कांसाबेल की जानकारी भी दी। उन्होंने गायत्री परिवार के सप्त स्तरीय कार्यक्रम साधना, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलंबन, पर्यावरण आंदोलन,नारी जागरण, व्यसन मुक्ति एवं कुरीति उन्मूलन की जानकारी भी दी। इस दौरान गायत्री परिवार के सदस्य रवि गुप्ता ने कहा कि आज हमारी युवा पीढ़ी नशे के गिरफ्त में है एवं माध्यमिक स्तर के विद्यालय से लेकर हाई स्कूल के बच्चों में यह विशेषकर शुरूआत होती है।

श्री गुप्ता ने कहा कि गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा जिले के बहुत सारे विद्यालयों में नशा मुक्ति के कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। गायत्री परिवार के पास उक्त कार्यकम हेतु बैनर पोस्टर, मॉड्यूल, प्रेजेंटेशन वीडियो आदि उपलब्ध है। रवि गुप्ता ने कहा कि उक्त मॉड्यूल को सभी विद्यालय में उपलब्ध कराया जाए एवं विद्यालय में शिक्षकों को भी नशा मुक्ति के लिए प्रशिक्षित किया जाए एवं गायत्री परिवार के सदस्यों को कार्यकम कराने के लिए शासन द्वारा भी विधिवत सहयोग प्रदान किया जाए। कार्यक्रम में जय हो टीम के द्वारा विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप जो संचालित हो रहे हैं उनकीजानकारी दी गई।

### बेटियों की सुरक्षा हेतु समाज को जागरूक होने की आवश्यकता : शिल्पा

**अम्बिकापुर।** शहर में हाल ही में दुखद एवं शर्मनाक घटना सामने आई जिसमें एक पिता द्वारा सगी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। इस घटना ने पूरे समाज को स्तब्ध एवं आहत कर दिया है। अमानवीय कृत्य की सभी सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा कड़ी निंदा की जा रही है। इसी क्रम में समाज सेविका श्रीमती शिल्पा पाण्डेय ने पीड़िता के घर पहुंचकर पीड़िता एवं उसके माता से मुलाकात की तथा उनकी काउंसलिंग कर उन्हें मानसिक संबल प्रदान किया। उन्होंने परिवार को इस कठिन परिस्थिति में साहस बनाए रखने एवं न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती शिल्पा पाण्डेय ने कहा कि बेटियां हमारे समाज की गरिमा और भविष्य हैं। उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं केवल एक परिवार को नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदनाओं को आहत करती हैं।

### नारायण प्रसाद बने उप निरीक्षक



**जशपुरनगर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्टार सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जशपुर जिले के पुलिस कप्तान डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह द्वारा थाना बागबहार में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक नारायण प्रसाद साहू को स्टार लगाकर सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया। स्टार सेरेमनी के दौरान उनकी धर्मपत्नी भी उपस्थित रहीं और इस गौरवपूर्ण क्षण की सहभागी बनीं। इस मौके पर रक्षित निरीक्षक जशपुर अमरजीत खूंटे एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मॉडल आंसर जारी, 30 तक दावा-आपत्ति

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास बालक व कन्या आवासीय विद्यालयों में 'कक्षा 9वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा की मॉडल आंसर जारी कर दी गई है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राक्चयन परीक्षा 10 मई रविवार को आयोजित की गई थी। जिसका मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर 20 मई को प्रदर्शित किए गए हैं। जारी मॉडल आंसर में दावा-आपत्ति की अंतिम 30 मई तक है। जशपुर के परीक्षार्थियों को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जशपुर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति आवेदन प्रमाण-दस्तावेजों सहित जमा करना होगा। बिना प्रमाण के दावा-आपत्ति पूर्णतः अमान्य होगी। डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं'की जाएगी। विशेषज्ञों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

### निर्माण संबंधी आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार कर करें प्रस्तुत

## निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना जशपुर, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, जल संसाधन विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागों द्वारा संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने विभिन्न कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए पूर्ण, अपूर्ण, प्रारंभ एवं अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा की तथा सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना जशपुर एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विभाग अंतर्गत संचालित सड़क निर्माण एवं अन्य कार्यों की प्रगति की



जानकारी ली। उन्होंने बरसात से पूर्व कार्यों में और भी तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त सड़क निर्माण एवं मरम्मत संबंधी आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। जल संसाधन विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने बांध, बैराज, नहर प्रणाली, एनीकट एवं स्टॉप डैम सहित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, उपयोगिता एवं समय-सीमा की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। आदिम जाति कल्याण विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने छात्रावास निर्माण, आश्रमों के अनुरक्षण सहित विभागीय निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की अद्यतन जानकारी निर्माण ऐप में नियमित रूप से अपलोड करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने बैठक में मौजूद अधिकारियों से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने एवं नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।



## खबर संक्षेप



### रीवा की घटना के विरोध में जैन समाज ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** रीवा में हुई घटना के बाद विहाररत जैन साधु-संतों की सुरक्षा हेतु विशेष सुरक्षा व्यवस्था, घटना की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सरगुजा में भी जैन समाज ने आन्दोलन किया। इस दौरान समाज के लोगों ने रैली निकालकर पीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समाज के अध्यक्ष विक्रांत जैन व सचिव राहुल जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश के रीवा में विहाररत आर्यिका माताजी के साथ हुई घटना केवल एक सड़क दुर्घटना भर नहीं मानी जा सकती। उपलब्ध तथ्यों एवं वीडियो क्लिपों के आधार पर समाज में गहरी आशंका एवं चिंता का वातावरण निर्मित हुआ है। इसलिए इस मामले की निष्पक्ष जांच हो। जैन साधु-संत पूर्णतः निहत्थे, अहिंसक एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं। वे किसी प्रकार की सुरक्षा या सुविधाओं का उपयोग नहीं करते तथा समाज में शांति, संयम और अहिंसा का संदेश प्रसारित करते हैं। उन्होंने रीवा की घटना की उच्च स्तरीय जांच, जांच हेतु एसआईटी का गठन, घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित करने, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने की मांग की गई है। उन्होंने विहार मार्गों पर प्रशासनिक समन्वय, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहयोग, ट्रैफिक नियंत्रण, सहित अन्य मांगे की है।

### ईद उल अजहा बकरीद की नमाज कल

**अंबिकापुर।** मुस्लिम समाज का महत्वपूर्ण त्यौहार ईद उल अजहा ( बकरीद) 28 मई को मनाया जाएगा। इस दौरान ईदगाह के साथ ही मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जाएगी और कुर्बानी की रस्म अदा होगी। अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि मुसलामानों का महत्वपूर्ण त्यौहार ईद उल अजहा (बकरीद) 28 मई को अकीदत के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज सुबह 9 बजे पढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही सुबह 9.30 बजे जामा मस्जिद, 8.30 बजे तकिया मजार एवं एवं 9 बजे जेल में नमाज अता की जायेगी। त्यौहार को लेकर अंजुमन कमेटी द्वारा ईदगाह, जामा मस्जिद टेंट, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्था कराई जा रही है। उन्होंने कलेक्टर को इस संबंध में ज्ञापन सौंप त्यौहार के दौरान पुलिस सुरक्षा, ट्रैफिक के साथ ही अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं की मांग की है।

### जिपं में संचार एवं सकर्म समिति की बैठक कल

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि संचार एवं सकर्म समिति के सभापति की उपस्थिति में 28 मई को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में समिति की बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने उक्त बैठक में सर्वसंबंधितों को निर्धारित समय में उपस्थित होने कहा है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**बलरामपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के समक्ष रखा। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने आमजनों से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुन जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। आयोजित जनदर्शन में बोर खनन कराने, आधार कार्ड सुधार, सहित विभिन्न विषयों के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये गये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के साथ निराकरण करने को कहा।

## रात में ही नहीं मिल रही राहत

# झुलसा रहे गर्म हवा के थपेड़े, नौतपा के पहले दिन पारा पहुंचा 42.8 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- तीन दिन बाद विक्षोभ के प्रभाव से आंशिक राहत की उम्मीद

नौतपा के पहले दिन भीषण गर्मी पड़ी तथा सोमवार को पहली बार दिन का तापमान 42.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हालांकि छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों की तुलना में सरगुजा में अभी भी काफी राहत है। हालांकि सरगुजा के लिए 43 डिग्री के तापमान को ही अधिक माना जा रहा है तथा गर्मी से लोग बेहाल है। मई के पूर्वार्द्ध में देश के अलग-अलग हिस्सों में पछुआ विक्षोभ, प्रति चक्रवात, चक्रवाती परिसंचरण सहित अन्य मौसमी घटकों के प्रभावी होने के कारण गर्मी से पूरी तरह राहत रही। इस दौरान लगातार 17 दिनों तक मौसम अनुकूल बना रहा। शहर सहित आसपास के कुछ क्षेत्रों में मध्यम स्तर की बारिश होने के कारण कई बार तापमान सामान्य से नीचे पहुंचा।

मई के उत्तरार्द्ध में तापमान में क्रमशः वृद्धि होने का क्रम प्रारंभ हुआ तथा पहली बार 18 मई को दिन का तापमान 40.2 डिग्री पहुंचा तो अचानक मौसम में बदलाव आने से गर्मी महसूस हुई। इस दौरान पहली बार 20 मई को सर्वाधिक तापमान 42.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। पिछले तीन-चार दिनों से हवा के साथ राजस्थान की गर्मी पहुंच रही है तथा दिन में गर्म हवा के थपेड़े चलने के कारण लोग बेहाल है। सुबह होते ही धूप की गर्मी इतनी अधिक बढ़ जा रही है कि बाहर निकलना मुश्किल हो जा रहा है। गर्म हवाओं के कारण 11 बजते ही सड़के सूनी हो जा रही हैं तथा आवश्यक होने पर ही लोग घरों के बाहर निकल रहे हैं। नौतपा के प्रथम दिवस सोमवार को दिन में भीषण गर्मी पड़ी तथा पहली बार अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञानी नौतपा के शेष दिनों में भी भीषण गर्मी पड़ने के साथ ही दिन एवं रात के तापमान में क्रमशः वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



**विक्षोभ के प्रभाव से आंशिक राहत**

मौसम विज्ञानी 17-18 मई के मध्य उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने एवं गर्मी से आंशिक राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। हालांकि अभी भी देश के विभिन्न हिस्सों में द्रोणिका एवं चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी हैं तथा सुदूर पूर्वी भारत को छोड़कर अन्य हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। नौतपा के शेष दिनों में भी राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है ऐसे में पछुआ विक्षोभ के बेहद ताकतवर होने एवं मध्यभारत तक विक्षोभ का असर पहुंचने पर ही उत्तर एवं मध्यभारत में कहीं-कहीं बौछारें पड़ने की संभावना है। विक्षोभ कमजोर हुआ तो राहत के नाम पर आसमान पर सिर्फ बादलों की आवाजाही दिखेगी तथा तापमान में आंशिक गिरावट हो सकती है। बारिश होने की स्थिति में भी लम्बी राहत मिलने की संभावना नहीं है। राजस्थान की भीषण गर्मी आगे भी अपना प्रभाव दिखा सकती है।

**दो साल पूर्व पारा पहुंचा था 44 डिग्री**

पिछले वर्षों की तुलना में इस बार गर्मी से काफी राहत है। दो साल पूर्व मई के उत्तरार्द्ध में नौतपा के दौरान अधिकतम तापमान 44 डिग्री पहुंच गया था। गर्मी इसी तरह पड़ती रही तो आने वाले दिनों में पारा में तेज वृद्धि होने तथा तापमान में 44 डिग्री पर पहुंचने से इनकार नहीं किया जा सकता। मौसम विज्ञानी भीषण गर्मी को मानसून की समय पर दस्तक के लिए जरूरी मान रहे है। गर्मी बढ़ने के कारण रात में भी राहत नहीं मिल रही है। बीच-बीच में बिजली गुल होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा लोग जागकर रात गुजार रहे हैं। मध्यरात्रि के बाद गर्मी से कुछ राहत मिल रही है।



## सेहत के नाम पर फल एवं सब्जियों में परोस रहे जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत असर, नहीं होती जांच

अच्छी सेहत के लिए चिकित्सक भोजन में पर्याप्त मात्रा में सब्जियों का उपयोग करने की सलाह देते हैं लेकिन अधिक एवं त्वरित उत्पादन के लिए किए जा रहे बेहिसाब रसायनिक उर्वरकों, कीटनाशक दवाओं एवं हानिकारक हार्मोंस के उपयोग से लोग खतरनाक रोगों के शिकार हो रहे हैं। अब तो सब्जियों का स्वरूप निखारने के लिए रासायनिक रंगों का भी उपयोग किया जा रहा है।

सब्जियों के उत्पादन में सरगुजा के किसान नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। दो दशक पूर्व तक आलू, प्याज सहित अन्य हरी सब्जियों के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर सरगुजा में अब सब्जियों का विपुल उत्पादन हो रहा है। सरगुजा का पठारी इलाका हो अथवा मैदानी क्षेत्र हर क्षेत्र के किसान बड़े पैमाने पर सब्जियों की खेती कर रहे हैं। पठारी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर खरीफ आलू एवं टमाटर की खेती हो रही है वहीं मैदानी क्षेत्र के किसान साल भर विविध सब्जियों का उत्पादन कर रहे हैं। स्थानीय जरूरतों को पूरी करने के साथ ही बड़े पैमाने पर सब्जियां यूपी, बिहार, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा सहित अन्य राज्यों में भेजी जा रही है। सब्जी उत्पादन से किसानों की आय में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिसे आर्थिक विकास की दृष्टि से अच्छा माना जा रहा है। दूसरी ओर बेमौसम उत्पादन के लिए फसल में बेहिसाब रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उपयोग किया जा रहा है जिससे सब्जियों का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है तथा लोग खतरनाक रोगों के शिकार बन रहे हैं। कहीं नाली के पानी से सब्जियों की सिंचाई की जा रही है तो कहीं गंदे पानी से सब्जियों की धुलाई-सफाई हो रही है। कीटनाशकों के बेहिसाब उपयोग से सब्जियों का स्वाद खत्म हो गया है तथा कम समय में ही हरी सब्जियां सड़ जा रही है। रातोंरात लोकी का आकार बढ़ाने के लिए किसान हार्मोंस के इंजेक्शन का उपयोग कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि रासायनिक उर्वरकों एवं बेहिसाब कीटनाशकों का उपयोग होने के कारण सब्जियां जहरीली हो जा रही हैं इसका उपयोग करने वाले लोग भी कैंसर, हृदयरोग सहित अन्य घातक बीमारियों के शिकार बन रहे हैं। यही हाल फलों का है। फलों को पकाने के लिए खुलेआम कार्बाइड एवं घातक रसायनों का उपयोग किया जा रहा है। फल-सब्जियों में खतरनाक रसायनों के उपयोग की जांच की भी व्यवस्था नहीं है जिसके कारण उत्पादक एवं विक्रेता सेहत के नाम पर खतरनाक जहर परोस रहे हैं तथा कमाई के लिए लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस संबंध में औषधि प्रशासन विभाग के प्रभारी नितेश मिश्रा ने बताया कि व्यवसाइयों से सब्जियों के नमूने को लेकर जांच के लिए लैब भेजा जाएगा।

## जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ समाधान सुनिश्चित करें : कलेक्टर



**सूरजपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के समक्ष अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व प्रकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, बिजली-पानी, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रमुख रूप से शामिल रहे। कलेक्टर ने एक-एक आवेदक से शांतिपूर्वक उनकी समस्या सुनी तथा उनकी कठिनाइयों को गंभीरता से समझते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की गंभीरता से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का परीक्षण कर निराकरण योग्य प्रकरणों का शीघ्रातिशीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम जनता की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी आवेदक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, समयबद्ध एवं जवाबदेह व्यवस्था के तहत प्रत्येक पात्र हितग्राही को उनका हक एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य मिले, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों का प्रथम दायित्व है। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि जिन आवेदनों के निराकरण में अधिक समय लगने की संभावना है, उनकी समयसीमा निर्धारित कर निराकरण की वस्तुस्थिति से आवेदकों को निरंतर अवगत कराया जाए, ताकि उन्हें अपने प्रकरण की प्रगति की जानकारी समय पर मिलती रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निराकरण की मॉनिटरिंग पोर्टल पर नियमित रूप से अद्यतन की जाए तथा लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** जिले में राजस्व विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्टर रेना जमील की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी अनुविभागों एवं तहसीलों में लंबित राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान जनगणना में संकलित जानकारी पर भी विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## बेटे ने मां के साथ मिलकर की बाइक सवार से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

पुरानी रंजिश को लेकर युवक ने मां के साथ मिलकर साप्ताहिक बाजार से लौट रहे बाइक सवार का रास्ता रोक बेदम पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार लुंड्रा हरिजन पारा निवासी अरविंद सोनी आ. स्व. रामलगन सोनी (46 वर्ष) ज्वेलर्स दुकान का संचालन करता है। 24 मई को स्कूटी से ग्राम डहौली साप्ताहिक बाजार गया था। बाजार से खरीदारी कर वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम बहेराडीह पहुंचा तभी रास्ते में सुदामा साहू एवं उसकी मां ने रास्ता रोक पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। साथ ही सुदामा व उसकी मां ने मारपीट करने लगे।

गांव के ही एक व्यक्ति ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी मां-बेटा के विरूद्ध धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## थाने के सामने धरने पर बैठे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- उपाध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज करने का विरोध



नगर पंचायत शिवनन्दनपुर में पहली बार हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के बीच राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमा गया है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किए जाने के बाद कांग्रेस ने भाजपा और पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस नेताओं ने इसे राजनीतिक द्वेष और चुनाव प्रभावित करने की साजिश बताते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

सोमवार को प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज स्वयं बिश्रामपुर थाने पहुंच कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ थाने के मुख्य गेट के सामने धरने पर बैठ गए। भीषण गर्मी के बीच कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस नेता नरेंद्र जैन पर लगाया गया आर्म्स एक्ट का मामला बिना साक्ष्य के पूरी तरह झूठा और राजनीतिक दबाव में दर्ज किया गया है। मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी धरने में शामिल होंगे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नगर पंचायत शिवनन्दनपुर चुनाव में कांग्रेस की मजबूत स्थिति और भाजपा की संभावित हार से भाजपा बौखला गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन और प्रशासन के दम पर चुनाव जीतना चाहती है। दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस नेता नरेंद्र जैन चुनाव संचालन और प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे, इसलिए उन्हें चुनाव प्रचार से दूर करने की साजिश के तहत उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मामले को लेकर चुनाव आयोग तक जाएगी और प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से पूरी शिकायत दर्ज कराई जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यदि प्रशासन ने निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस का आंदोलन और तेज होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन सत्ता के दबाव में काम कर रहा है तथा भाजपा नेताओं के इशारे पर कार्रवाई की जा रही है। धरना प्रदर्शन में आदितेश्वर शरण सिंहदेव, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, पूर्व संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े, पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, अंबिका सिंहदेव, विनय जायसवाल, गुलाब कमरो, शफी अहमद, भानुप्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष शशि सिंह, बालकृष्ण पाठक, वेदांती तिवारी, प्रदीप गुप्ता, सुभाष गोयल, भगवती राजवाड़े, नरेश राजवाड़े, रमेश दनौदिया, अखिलेश प्रताप सिंह, द्वितेंद्र, संजय डोशी, गिरिजाशंकर मिश्रा, बलराम शर्मा, सुनील अग्रवाल, ईस्माइल खान, पंकज तिवारी, नवीन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष चंदन सिंह, रामलाल सोनी, मेहंदी यादव, पवन अग्रवाल, चंदा सिंह, छन्दा श्री, बबिता गुप्ता, अंशुल गोयल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

**तीन सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना**

कांग्रेस ने तीन प्रमुख मांगें सामने रखी हैं। पहली मांग में नरेंद्र जैन पर दर्ज आर्म्स एक्ट की धारा हटाई जाए। दूसरी मांग नरेंद्र जैन की पत्नी की शिकायत पर भी अपराध दर्ज किया जाए। साथ ही झूठा अपराध दर्ज करने वाले बिश्रामपुर थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित किया जाए। धरना प्रदर्शन को लगातार जारी रखने की जिम्मेदारी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर पार्टी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू ने सात वरिष्ठ नेताओं को सौंपी है। इनमें बालकृष्ण पाठक, हरिहर प्रसाद यादव, प्रदीप गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव, नरेश राजवाड़े, अखिलेश प्रताप सिंह और नवीन जायसवाल के नाम शामिल हैं।

## प्रसव के बाद घर गई प्रसूता की अचानक तबियत बिगड़ने से हुई मौत

**अम्बिकापुर।** प्रसव के बाद अस्पताल से घर गई प्रसूता की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार रोहतास डिहरी निवासी गांगी सिंह पति अमर कुमार (24 वर्ष) पति के साथ मायापुर में रहती थी और 9 माह की गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसके 18 मई को एमसीएच में दाखिल कराया जहां नार्मल प्रसव से स्वस्थ शिशु को जन्म दी। चिकित्सकों ने जच्चा-बच्चा के स्वस्थ होने पर 22 मई को छुट्टी दे दी। परिजन शिशु व माता को घर लेकर चले गए। 24 मई की सुबह अचानक गांगी सिंह की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से आमजन को मिलेगा बेहतर उपचार : अग्रवाल

- सीएचसी नवापारा में नवीन ऑपरेशन थियेटर का किया लोकार्पण, अतिरिक्त वार्ड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**अम्बिकापुर।** सोमवार को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा में नवीन ऑपरेशन थियेटर का लोकार्पण एवं अतिरिक्त वार्ड निर्माण कार्य का संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य भवनों का निर्माण करना नहीं, बल्कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और समय पर उपचार सुविधा उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है और डीएमएफ फंड का उपयोग जनहित से जुड़े कार्यों में प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि नवापारा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त ऑपरेशन थियेटर और अतिरिक्त वार्ड की स्थापना से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। इससे जरूरतमंद मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार उपलब्ध होगा तथा गंभीर परिस्थितियों में बड़े अस्पतालों पर निर्भरता भी कम होगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाना शासन की प्रतिबद्धता है।

**सप्त सुरम ट्रस्ट के तिनक धिन धा कैरियोके सिंगिंग कॉन्टेस्ट, फिनाले में 20 प्रतिभागियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन**

## सिंगिंग कॉन्टेस्ट में शहर की नव्या रंजन ने हासिल किया विजेता का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




सप्त सुरम ट्रस्ट द्वारा आयोजित तिनक धिन धा कैरियोके सिंगिंग कॉन्टेस्ट का भव्य फाइनल रविवार को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। शाम 5.30 बजे से रात 10.30 बजे तक चले इस संगीतमय आयोजन में प्रतिभागियों ने अपने मधुर सुरों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता में नव्या रंजन ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान पर आरती दीप को निर्णायक मंडल द्वारा तथा अश्मि वर्मा को आयोजक मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। तीसरे स्थान पर मुकुल विश्वास और निधीश्री संयुक्त रूप से रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, छत्तीसगढ़ फिल्म निर्माता-निर्देशक गजेंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ पार्षद विजय सोनी, पार्षद श्वेता गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के लिए पूर्व में होटल अलंकार ग्रीन में ऑडिशन आयोजित किया गया था, जिसमें 85 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें से चयनित शीर्ष 20 प्रतिभागियों ने फाइनल में अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के फाइनलिस्ट में अमित दास, नव्या रंजन, आरती दीप, जगदंबा विश्वकर्मा, मेघा रावत, सुप्रिया वर्मा, अश्मि वर्मा, निधीश्री, मुकुल विश्वास, प्रेमानंद पातर, संजीव वर्मा, बृजेश शर्मा, साजन पाठक, प्रियांशु मिश्रा, रजनी शाह, रूपेश कुमार गुप्ता, शिवम सिन्हा, डॉ. आशीष, संगीता तिवारी एवं आशीष लखेड़ा शामिल रहे। निर्णायक मंडल में वंदना दत्ता, आलोक भट्टाचार्य एवं राजेश जायसवाल ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में समभाव महिला मंच, सेवा किटी समूह सहित सहयोगी लक्ष्मी जयसवाल, मुकेश अग्रवाल, नरेंद्र सिंह टुटेजा, अधिवक्ता संजय अम्बष्ट, पार्षद आलोक दुबे, पार्षद मनोज गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, पार्षद शैलेंद्र सिंह, दिलीप धर, रंजय स्वर्णकार, संतोष दास, जयेश वर्मा, शबनम खानम, सहित शहर के अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों का सहयोग रहा। विजेताओं को नकद पुरस्कार, मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए वहीं सभी प्रतिभागियों को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति में तरुण कुमार, शिवनारायण सोनी, शशि पूनम, तनुश्री सोनी, सीमा सुदन, धीरेंद्र प्रसाद, मंजूषा जोशी, पूनम सिंह एवं शैलेंद्र स्वर्णकार सहित कई सदस्य सक्रिय रूप से जुड़े रहे।



# वेलकम टू द जंगल का नया गाना घिस-घिस...

**मुंबई।** अक्षय कुमार अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच फिल्म का नया गाना 'घिस घिस घिस' रिलीज हुआ है। नए गाने में देखा जा सकता है कि अक्षय भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह के साथ डांस कर रहे हैं। वह शॉर्ट कुर्ता और पजामा में हैं। उनके बाल बड़े हैं और उन्होंने हल्की दाढ़ी रखी है। वहीं अक्षरा सिंह साड़ी में नजर आ रही हैं। गाना भोजपुरी अंदाज में फिल्माया गया है। गाने के बोल भी भोजपुरी में हैं। अक्षय कुमार और अक्षरा सिंह ने गाने पर शानदार डांस किया है। गाने के बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। इसे विक्रम मोंट्रोस और सुप्रिया पाठक ने आवाज दी है।



## लाइफ Style

# अनन्या

## चांद मेरा दिल में भरतनाट्यम पर छिड़ी बहस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या पांडे की हालिया फिल्म 'चांद मेरा दिल' के एक डांस सीक्वेंस ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है, लेकिन शायद उन कारणों से नहीं जिनकी फिल्ममेकर्स ने उम्मीद की होगी। 22 मई को रिलीज हुई फिल्म की एक छोटी क्लिप तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिससे मीम्स, आलोचनाओं और भरतनाट्यम को लेकर अलग-अलग राय की बाढ़ आ गई।


लोग कह रहे हैं कि अनन्या ने क्लासिकल डांस के साथ ये क्या कर दिया है। फिल्म में अनन्या पांडे चांदनी का किरदार निभा रही हैं, जो इंजीनियरिंग की स्टूडेंट होने के साथ-साथ भरतनाट्यम डांसर भी हैं। इस सीक्वेंस में उन्हें एक डांस करते हुए दिखाया गया है जो देखकर लक्ष्य इंप्रेस हो जाते हैं। जहां कुछ दर्शकों ने इस डांस की तारीफ की, वहीं कई ऑनलाइन यूजर्स ने इसकी कड़ी आलोचना की। यह चर्चा तब और बढ़ गई जब एक यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह डांस शेयर करते हुए लिखा, 'भरतनाट्यम 200 एडी में ही पतन की ओर चला गया और अनन्या पांडे के साथ 2026 में इसका अंत हो गया।' कई लोगों ने क्लासिकल डांस की मुद्राओं पर भी सवाल उठाया। एक ने लिखा- हमारी संस्कृति का अपमान है ये, मुद्राओं को रोबोटिक कर दिया है। पोस्ट तेजी से वायरल हो गई और लोगों के रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई। एक ने कमेंट किया- भरतनाट्यम का विकास हो गया है। दूसरे ने लिखा- वे अनन्या पांडे के डांस करने की क्षमता को छिपाने की इतनी कोशिश कर रहे हैं कि अब तो यह बहुत शर्मनाक लगता है। एक यूजर ने मजाक में कहा- क्या कोई उस हीरो की नब्ज चेक कर सकता है? आलोचना यहीं नहीं रुकी।

## हॉलीवुड मसाला



# फिर से लौट रहा हाउस ऑफ द ड्रैगन...

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ मैक्स ने एक टीजर वीडियो के जरिए प्लेटफॉर्म ने अपने बड़े प्रोजेक्ट्स की झलक दिखाई, जिसमें पुराने हिट शोज की वापसी, नई फ्रेंचाइज और कई दिलचस्प ओरिजिनल कंटेंट शामिल हैं। यह साफ है कि एचबीओ मैक्स आने वाले साल में बड़े पैमाने पर एंटरटेनमेंट देने की तैयारी में है। सबसे बड़ी खबर हाउस ऑफ द ड्रैगन के तीसरे सीजन की है, जो 21 जून को रिलीज होगा। इस सीजन में टार्गेरियन परिवार की सत्ता की लड़ाई और भी तेज होती दिखाई देगी, जो पहले से ही दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर है।



# जेम्स बॉन्ड के दौड़ में कभी था ही नहीं : एल्बा

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर जासूस जेम्स बॉन्ड पर बनी फिल्मों में अब तक कई अभिनेताओं ने मुख्य किरदार निभाया है। अब बॉन्ड पर बन रही अगली फिल्म में मुख्य किरदार की कास्टिंग को लेकर कई खबरें सामने आ रही हैं। शुरुआत में खबर सामने आई कि इस फिल्म में भी जेम्स बॉन्ड का किरदार डेनियल क्रेग ही करेंगे, पर उन्होंने इससे इंकार कर दिया। फिर सुनने में आया कि लूथर, हैड ऑफ स्टेट और थॉर जैसी फिल्मों में काम कर चुके इदरीस एल्बा को बॉन्ड का रोल ऑफर हुआ है। अब इस बारे में उन्होंने बयान जारी कर सफाई दी है। एक इवेंट के दौरान एल्बा ने भी इन अफवाहों पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा, 'मैं ऐसी किसी फिल्म का हिस्सा नहीं हूं। टीम युवा कलाकारों को खोज रहे हैं। मेरी तरफ से इस प्रोजेक्ट को ढेर सारी शुभकामनाएं।



# करिश्मा ने पुलिसिया अंदाज में की वापसी

**मुंबई।** अभिनेत्री करिश्मा कपूर आखिरी बार 2024 में 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थी। एक समय अपने रोमांटिक किरदारों के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस अब 'ब्राउन' में नजर आने वाली हैं। इस वेबसीरीज का टीजर भी रिलीज हो चुका है। जिससे एक्ट्रेस के फैंस काफी खुश हैं। वेब सीरीज 'ब्राउन' में अभिनेत्री करिश्मा कपूर पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगी। टीजर के मुताबिक वह रीटा ब्राउन का किरदार निभाएंगी। जो एक ईमानदार पुलिस अधिकारी है। इसके साथ ही वह एक बहुत ही गंभीर केस की जांच कर रही है। अपने व्यक्तिगत जीवन में वह कई समस्याओं से जूझ रही है। मगर वह अपने फर्ज को शिद्दत से निभाती है। वेब सीरीज 'ब्राउन' की कहानी मुख्य रूप से उपन्यास 'सिटी ऑफ डेथ' पर आधारित है। जिसे 2016 में अभेक बरुआ ने लिखा था।



# कॉकटेल-2 का गाना तुझको रिलीज...

**मुंबई।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'कॉकटेल 2' का नया गाना 'तुझको' सोमवार को रिलीज कर दिया गया है। यह एक सोलफुल और भावुक रोमांटिक ट्रैक है जो रिलीज होते ही लोगों के दिलों में उतरता दिख रहा है। रश्मिका मंदाना ने गाने को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 'बहुत सारे प्यार और भावनाओं से भरा यह खूबसूरत गाना दिल को छू लेने वाला है।' उन्होंने आगे लिखा, 'मुझे यह गाना बेहद पसंद आया और उम्मीद है कि आप सभी को भी यह उतना ही पसंद आएगा।' 'कॉकटेल 2' के इस गाने में शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की फ्रेस केमिस्ट्री देखने को मिलती है। स्क्रीन पर दोनों की केमिस्ट्री बेहद सहज, सुंदर और प्रभावशाली नजर आ रही है।

## टीवी मसाला



# असली भाई थे महाभारत के नकुल और सहदेव...

**नई दिल्ली।** 'महाभारत' न केवल अपनी कहानी कहने की कला के लिए, बल्कि असल जिंदगी के भाइयों समीर चित्रे और संजीव चित्रे को नकुल और सहदेव के रूप में कास्ट करने के लिए भी जाना जाता है, जो शो में अहम किरदार थे। बीआर चोपड़ा की 'महाभारत' भारतीय टेलीविजन इतिहास के सबसे बड़े शोज में से एक है। इस शो में नकुल और सहदेव सबसे छोटे पांडव भाई थे और उन्हें बहुत करीबी दिखाया गया था। कम ही लोग जानते हैं कि इन किरदारों को निभाने वाले एक्टर समीर चित्रे (नकुल) और संजीव चित्रे (सहदेव) असल जिंदगी में भी भाई हैं। पर्दे पर उनका रिश्ता पर्दे के बाहर उनके असली रिश्ते से उपजा था, जिससे उनके सीन्स और भी अधिक सच लगते थे। संजीव ने एक बार बताया कि उनकी कास्टिंग एक सिंपल, लेकिन दिलचस्प तरीके से हुई थी। 'महाभारत' के मेकर्स ने पहले नकुल के रोल के लिए समीर चित्रे से संपर्क किया और फिर उनसे पूछा कि क्या उनके छोटे भाई को भी अभिनय में रुचि होगी। परिवार से सहमति मिलने और संजीव से मिलने के बाद, उन्होंने दोनों भाइयों को नकुल और सहदेव के रोल में कास्ट करने का फैसला किया। 'महाभारत' के बाद, समीर चित्रे ने कुछ हिंदी फिल्मों में काम किया। उन्हें आमिर खान और पूजा भट्ट की हिट फिल्म दिल है कि मानता नहीं (1991) के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। वह शाहरुख खान और जूही चावला की फिल्म राजू बन गया जेंटलमैन (1992) में भी दिखाई दिए।

## बेहद फिल्मी है कांची की लव स्टोरी

**नई दिल्ली।** कांची कौल की गिनती टीवी की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में होती है। उन्होंने अपने दमदार एक्टिंग के दम पर इंडस्ट्री में अलग जगह बनाई है। कांची तेलुगु सिनेमा की भी जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कई बेहतरनी फिल्मों में काम किया है। कांची की पहली मुलाकात साल 2007 में टीवी शो भाभी के सेट पर शब्बीर से हुई थी, लेकिन उस वक्त दोनों के बीच ज्यादा बातचीत नहीं हुई। बाद में कांची की शब्बीर से पहली मुलाकात टीवी क्वीन एकता कपूर ने करवाई थी। शुरुआत दोस्ती से हुई, लेकिन धीरे-धीरे दोनों का प्यार परवान चढ़ने लगा और उन्होंने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया। हालांकि, उन्होंने अपने रिश्ते को काफी समय तक दुनिया की नजरों से दूर ही रखा। कांची और शब्बीर ने पांच साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी का फैसला लिया। उन्होंने 27 नवंबर 2011 को धूमधाम से शादी रचाई।



# जिजाबाई के किरदार को पूरी ईमानदारी से निभाना चाहती थीं


**मुंबई।** फिल्म राजा शिवाजी में भाग्यश्री, रितेश देशमुख की मां यानी राजमाता जिजाबाई का किरदार निभा रही हैं। हालांकि, दोनों कलाकारों के बीच सिर्फ 10 साल का उम्र का फर्क है, जिस वजह से सोशल मीडिया पर इस कास्टिंग को लेकर काफी चर्चा हो रही है। अब भाग्यश्री ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है। एक इंटरव्यू में भाग्यश्री ने बताया कि इस किरदार के लिए हां कहना उनके लिए बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। उन्होंने कहा, 'जब आपको ऐसा किरदार निभाने का मौका मिले, जिसकी कहानियां सुनते हुए आप बड़े हुए हों, तो उसे मना करने का सवाल ही नहीं उठता। और वैसे भी जिजाऊ एक युवा मां थीं।' भाग्यश्री ने आगे बताया कि फिल्म के सिनेमैटोग्राफर संतोष सिवन ने उन्हें खास कॉम्प्लिमेंट भी दिया था। उन्होंने कहा, संतोष सिवन सर ने मुझे फोन करके कहा था, सॉरी, हमें कैमरे के जरिए आपको थोड़ा ज्यादा उम्र का दिखाना पड़ा, क्योंकि आप अब भी बहुत यंग लगती हैं। मेरे लिए यह बहुत बड़ा कॉम्प्लिमेंट है। आखिर वह महान



सिनेमैटोग्राफर हैं।'एक्ट्रेस ने साफ कहा कि उनके लिए यह किरदार निभाना किसी ऐतिहासिक और महान शख्सियत को सम्मान देने जैसा है। वह उम्र के फर्क पर ध्यान देने के बजाय राजमाता जिजाबाई के किरदार को पूरी ईमानदारी से निभाना चाहती थीं। 1 मई को रिलीज हुई 'राजा शिवाजी' में शानदार स्टारकास्ट देखने को मिल रही है। फिल्म में रितेश देशमुख छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आ रहे हैं, जबकि संजय दत्त अफजल खान का किरदार निभा रहे हैं। अभिषेक बच्चन फिल्म में संभाजी शाहजी भोसले बने हैं और विद्या बालन खदीजा सुल्ताना की भूमिका निभा रही हैं। वहीं जेनेलिया डिसूजा सईबाई, भाग्यश्री जिजाबाई और फरदीन खान शाहजहां के रोल में दिखाई दे रहे हैं। फिल्म में महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, अमोल गुप्ते और बोमन ईरानी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। खास बात यह है कि फिल्म में सलमान खान का स्पेशल अपीयरेंस भी देखने को मिलेगा।

# मीनाक्षी 30 साल बाद कर रहीं एक्टिंग में कमबैक कहा- चाहिए प्रभावशाली और चुनौतीपूर्ण रोल

**नई दिल्ली।** 80 और 90 के दशक के बीच सिनेमा की दुनिया की चहेती एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्री एक बार फिर से फिल्मों में वापसी की तैयारी कर रही हैं। घायल वन्स अगेन (2016) में निभाए छोटे से रोल को छोड़ दें तो मीनाक्षी बरसों से फिल्मों की दुनिया से दूर रह रही हैं। हालांकि, अब वो एक्टिंग में वापसी को लेकर काफी सीरियस नजर आ रही हैं। मीनाक्षी ने हाल ही में फैन्स के साथ एक भावुक संदेश शेयर किया है और बताया है कि वह फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में नए अवसरों की तलाश में हैं। हिंदी सिनेमा की नामी अदाकारा मीनाक्षी शेषाद्रि अभिनय की दुनिया में एक बार फिर से कदम रखने जा रही हैं। सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए न सिर्फ



अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया, बल्कि फिल्म मेकर्स के सामने काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'आप सभी के प्यार, हौसले और लगातार मिल रहे सपोर्ट के लिए तहेदिल से धन्यवाद देती हूं। 30 साल लंबे सफर के बाद मैं अपनी कर्मभूमि मुंबई वापस आ गई हूं। एक बार फिर, पूरी उम्मीद है कि जुनून और पॉजिटिव सोच के साथ मैं मनोरंजन की दुनिया में कदम रख रही हूं।' एक्ट्रेस ने बातचीत में ये भी साफ किया कि वे अब अच्छे और अर्थपूर्ण काम के अवसरों का इंतजार कर रही हैं। किरदारों को लेकर अपनी पसंद बताते हुए उन्होंने कहा, 'चाहे लीड रोल हो या सपोर्टिंग रोल या फिर कोई छोटा सा रोल, मेरे लिए सबसे जरूरी यह है कि वह प्रभावशाली हो। फिल्में हों या ओटीटी शो, मैं ऐसे किरदार निभाना चाहती हूं जो मुझे एक कलाकार के रूप में चुनौती दें।' बता दें कि मीनाक्षी शेषाद्रि अपने पति हरीश मैसूर के साथ लंबे समय से अमेरिका के डलास (टेक्सास) में रह रही हैं। वहां उनका अपना घर भी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक मीनाक्षी अमेरिका में अपना खुद का डांस स्कूल भी चला रही थीं।

## जॉली एलएलबी 3 से कजिंस एंड कल्याणम्स तक

# इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। गर्मियां अपना प्रचंड रूप दिखा रही हैं। गर्मी का भयंकर रूप देख अगर कहीं बाहर घूमने का प्लान नहीं बना पा रहे और घर बैठे कुछ बढ़िया सिनेमा देखने को मन है, तो इस वीक कई अच्छे ऑप्शन हैं। इस सप्ताह ओटीटी के पिटारे में दिलचस्प फिल्में और सीरीज हैं।*

**ब्रदर्स एंड सिस्टर्स** : यह एक तमिल फैमिली ड्रामा सीरीज है। इस शो में बोस वेंकट और गायत्री शास्त्री मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सस्पेंस ड्रामा सीरीज है, जो मजेदार पारिवारिक पृष्ठभूमि के ईर्द-गिर्द बनी है। यह सीरीज 27 मई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**जॉली एल एल बी 3** : अक्षय कुमार और अरशद वारसी अभिनीत इस कॉमेडी फिल्म की ओटीटी रिलीज का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म साल 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, इसके बाद यह ओटीटी पर भी रिलीज हुई। मगर, अब नया अपडेट यह है कि इस फिल्म को एक नया ओटीटी प्लेटफॉर्म मिल गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दर्शक 29 मई से इस फिल्म को जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**कजिंस एंड कल्याणम्स** : यह एक मलयालम रोमांटिक-कॉमेडी वेब सीरीज है। इसके 50 से अधिक एपिसोड्स हैं, जो केरल में छह चचेरे भाई-बहनों की 26 साल की यात्रा और सात शादियों की कहानी पर आधारित हैं। प्रिया प्रकाश वारियर और रोशन अब्दुल राहुफ इस सीरीज में मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा जुनैस, नंदना वर्मा और सुबिन टार्जन भी सीरीज का हिस्सा हैं। इसे दर्शक 29 मई से जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।




**स्पाइडर नोयर सीजन 1**

हॉलीवुड स्टार निकोलस केज की सीरीज 'स्पाइडर नोयर' के पहले सीजन का प्रीमियर भी इस वीक होगा। आठ एपिसोड वाली मार्वल सीरीज में निकोलस केज मुख्य भूमिका में हैं, जो 1930 के दशक के न्यूयॉर्क में एक प्राइवेट डिटेक्टिव बने पुराने सुपरहीरो की कहानी है। यह एक्शन सीरीज 27 मई से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

**जेटली** : तेलुगु कॉमेडी थ्रिलर फिल्म 'जेटली' 25 मई को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इसकी कहानी प्रजापति (अजय) से शुरू होती है, जो एक ठग और बैंक का संस्थापक है। वह ग्राहकों के पैसे का गबन करके दुबई भाग जाता है। इसमें सत्या, रिया सिंघा, वेन्नेला किशोर और अजय ने अभिनय किया है।

**कारा** : धनुष और ममिता बैजू की अदाकारी वाली फिल्म 'कारा' 28 मई को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह तमिल फिल्म 1991 में खाड़ी युद्ध के दौरान हुए ईंधन संकट की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कहानी करसामी (धनुष) नाम के एक सुधरे हुए चोर के इर्द-गिर्द घूमती है। उसे तब अपने आपराधिक अतीत में वापस लौटना पड़ता है, जब एक बेरहम बैंक मैनेजर और एक भ्रष्ट डीएसपी मिलकर उसके परिवार की पुश्तैनी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर लेते हैं।

## खबर संक्षेप

### अब हर वार्ड में नियुक्त होंगे स्वच्छता दूत

**सरिया।** नगर के सफाई को बेहतर बनाने और नागरिकों तथा नगर पंचायत के बीच असरदार तालमेल बनाने के लिए अब हर वार्ड में स्वच्छता समिति का गठन जाएगा। सोमवार को नगर पंचायत में सीएमओ की उपस्थिति में पार्षदों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को नगरीय प्रशासन विभाग के नए नियम की जानकारी देते हुए स्वच्छता नियमों में किए गए बदलाव के बारे में बताया गया। सीएमओ लाल सिंह मरकाम ने बताया कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय और नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जारी नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत कचरे के पृथक्करण के लिए अब चार डिब्बों की प्रणाली अनिवार्य कर दी गई है। इस प्रणाली के तहत नागरिकों को घर या संस्थान पर ही कचरे को चार श्रेणियों में अलग करना होगा। नए नियमों के तहत चार डिब्बों का उपयोग करना है। इसमें हरा और नीला रंग पहले से ही था। अब दो डस्टबिन और बढ़ाये जाएंगे। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि सरकार द्वारा जनहित में किए गए नए नियमों के तहत कार्य करने से नगर स्वच्छ होगा। नए नियमों के तहत प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता समिति गठन किया जाएगा व स्वच्छता समिति वार्ड में सफाई बनाए रखने के लिए एक कड़ी का काम करेंगे।

### पवन साय के प्रवास से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा



**रायगढ़।** प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने रायगढ़ प्रवास के दौरान जिला भाजपा कार्यालय में संगठन पदाधिकारियों से मुलाकात की। जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियों का परिचय कराया गया। एक दशक से अधिक समय तक संगठन का दायित्व संभालने वाले पवन साय का रायगढ़ की माटी से पुराना और गहरा लगाव रहा है। यही वजह है कि वे अधिकांश कार्यकर्ताओं को वे नाम से पहचानते हैं। उनकी सादगी और सहजता के कार्यकर्ता आज भी मुरीद हैं। अपराह्न जिला कार्यालय पहुंचने पर भाजपा नेता श्रीकांत सोमावार व सुभाष पाण्डेय ने भगवा गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद पवन साय ने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर अपनी सादगी की अमिट छाप छोड़ी। रायगढ़ जिला भाजपा ने पवन साय को पश्चिम बंगाल की चमकीली जीत पर बधाई दी। स्थानीय पदाधिकारियों ने पवन साय को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक सफलता पर बधाई देते हुए जीत का शिल्पकार बताया। चुनाव से छह महीने पूर्व उन्हें 56 विधानसभा क्षेत्रों का दायित्व सौंपा गया थाए जिनमें से 49 सीटों पर भाजपा को जीत मिली। संगठन के नेताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता सरकार को उखाड़ कर शुभेंदु सरकार निर्माण में पवन साय की भूमिका अहम रही।

### हाथी शावकों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग सतर्क

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल परिक्षेत्र अंतर्गत आमामुड़ा तालाब में हाथी शावक की मृत्यु की घटना के बाद वन विभाग ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विशेष कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। विभाग द्वारा हाथियों की सुरक्षा एवं मानव.वन्यजीव सहअस्तित्व को मजबूत करने के उद्देश्य से संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी एवं प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ जितेंद्र उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि आमामुड़ा तालाब में हाथी शावक की मृत्यु की घटना अत्यंत संवेदनशील एवं दुखद है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर पूरी रात स्थिति की निगरानी की गई तथा वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर नटवर स्कूल में ब्लाक स्तरीय स्पर्धा का आयोजन

# पर्यावरण चेतना की अनूठी पहल, बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा और जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़





कागजों पर पर्यावरण बचाने चित्र बनाते बच्चे और मंच पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं।

भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा संचालित मिशन लाईफ पर्यावरण के लिए, जीवनशैली अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में विकासखंड रायगढ़ की विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं पीएम नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ में उत्साह, उमंग और पर्यावरण जागरूकता के माहौल में संपन्न हुईं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने न केवल अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति अपनी समझ और जिम्मेदारी का भी प्रभावशाली परिचय दिया।

जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल एवं नोडल अधिकारी सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीपी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालयों से पहुंचे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी डीपी पटेल ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम क्लाइमेट एक्शन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक मूल कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा जैसे स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने तथा दैनिक जीवन में बिजली और पानी की बचत करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने मिशन लाईफ अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 15 मई से 4 जून तक चल रहे प्री.कैम्पेन का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को प्रो प्लैनेट पीपल बनाना है, ताकि छोटी छोटी जीवनशैली संबंधी आदतों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाया जा सके। उन्होंने सेल्फी विद सोलर अभियान का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण हितैषी जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए निबंध, पेंटिंग, स्लोगन एवं प्रश्न मंच क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं का विषय ग्नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा रखा गया था। प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की रचनात्मकता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और नवीन सोच ने निर्णायकों को भी प्रभावित किया। निर्णायक मंडल में श्रीमती ललिता पटेल, श्रीमती ममता पटेल, श्रीमती विस्मिता मिश्रा, विकास कुमार मिश्रा, जितेन्द्र कुमार पटेल, राकेश दुबे एवं श्रीमती अनुपमा तिवारी शामिल रहे। निबंध प्रतियोगिता में गुलशन कुमारी, कक्षा 10वीं, एमएसपी पब्लिक स्कूल ने प्रथम तथा निकिता पति, कक्षा 7वीं, एमएसपी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में रागिनी पटेल, कक्षा 12वीं, संस्कार पब्लिक स्कूल, रायगढ़ प्रथम एवं कुलदीप कुमार, कक्षा 6वीं, एमएसपी पब्लिक स्कूल, जामगांव द्वितीय स्थान पर रहे।

स्लोगन प्रतियोगिता में सिमी पंडा, कक्षा 8वीं, एमएसपीपब्लिक स्कूल प्रथम तथा सोम्य सिंह, कक्षा 9वीं, एमएसपी पब्लिक स्कूल, जामगांव द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं प्रश्न मंच क्विज प्रतियोगिता में अंश अग्रवाल एवं दिया साव, एमएसपी स्कूल, जामगांव की टीम ने प्रथम तथा प्रीतम गुप्ता एवं सचिन साव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरलिया की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रथम एवं द्वितीय विजेता प्रतिभागियों को यंग रिन्यू बल एनर्जी एम्बेसडर घोषित किया गया। ये विद्यार्थी अब अपने विद्यालय एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम की जियो टैग फोटो एवं वीडियो मेरी लाईफ पोर्टल पर अपलोड किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में बीआरसी मनोज अग्रवाल, संकुल शैक्षिक समन्वयक जगत जाफरी, सुशील चौहान, सन्नी खांडे, मोहन राठिया तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से परमेश्वर पटेल ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं अतिथियों के साथ सामूहिक समूह छायाचित्र लिया गया। नोडल अधिकारी डीपी पटेल ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, शिक्षकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के ऐसे आयोजन भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे।



## कलेक्टर ने लिया जिला चिकित्सालय का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटेली

■ गर्भवती महिलाओं को मिल रही सुविधाओं को सराहा, अटल आरोग्य लैब के शेष उन्नयन कार्यों को जल्द पूर्ण करने के दिए निर्देश

जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पीएमएसएमए शिविर का कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू द्वारा विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच और प्रसव पूर्व देखभाल सुनिश्चित करना है। कलेक्टर ने शिविर का बारीकी से अवलोकन कर वहां मौजूद सुविधाओं और व्यवस्थाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग की पीठ थपथपाई।

शिविर के दौरान कलेक्टर ने महिलाओं को दी जा रही निःशुल्क जांच, दवाओं के वितरण और डॉक्टरों द्वारा दिए जा रहे परामर्श की गहन समीक्षा की। सिविल सर्जन डॉ दीपक जायसवाल द्वारा बताया गया कि आज के शिविर में 56 गर्भवती महिलाओं में 16 उच्च जोखिम गर्भावस्था की चिन्हांकित की गई. जिला चिकित्सालय में माताओं और शिशुओं की सुरक्षा के लिए उपलब्ध कराई जा रही उच्च स्तरीय सुविधाओं की सराहना करते हुए कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि सुरक्षित प्रसव और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पीएमएसएमए शिविर के निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में स्थित अटल आरोग्य लैब का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि लैब में सभी प्रकार की आवश्यक जांच सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए। लैब के शेष उन्नयन कार्यों, जैसे रंगाई-पुताई और बिजली व्यवस्था, उपलब्ध लैब टेस्ट की जाँच में लगने वाले समय की जानकारी सहित सूची को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी लंबित कार्य तत्काल पूरे किए जाएं ताकि मरीजों को अटल आरोग्य लैब का लाभ बिना किसी देरी के मिल सके। इसके पश्चात कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी का निरीक्षण कर वहां भर्ती कुपोषित बच्चों के उपचार, डाइट प्लान और दी जा रही अन्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। केंद्र की बेहतर व्यवस्थाओं पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

# वैदिक इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे संघ शिक्षा वर्ग के तहत हुआ पथ संचलन



**रायगढ़।** रविवार की शाम सड़कों पर घोष की थाप और कदमों की कदमताल गूंज उठी, जब सैकड़ों स्वयंसेवक अनुशासित पथ संचलन करते हुए निकले। यह आयोजन वैदिक इंटरनेशनल स्कूल, पटेल पाली में चल रहे संघ शिक्षा वर्ग के अभ्यास के तहत किया गया था। 150 स्वयंसेवकों ने संगठनात्मक एकता का अदभुत प्रदर्शन किया।

इस पथ संचलन में छत्तीसगढ़ प्रांत के विभिन्न जिलों से आए लगभग 150 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के इन स्वयंसेवकों के अनुशासित कदमों ने संगठनात्मक भावना और सांस्कृतिक पहचान का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। यह पंथ संचलन कोड़ातराई से वैदिक स्कूल तक हुआ। शाम 7 बजे शुरू हुआ पथ संचलन कोड़ातराई स्कूल मार्ग से होते हुए वापस वैदिक इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुआ। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर और चौराहों पर बड़ी संख्या में नगरवासी अनुशासित संचलन देखने के लिए एकत्र हुए। लोगों ने आत्मीय भाव से पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। आयोजन के संबंध में बताया गया कि संघ का मतलब अनुशासन है और देश के प्रति निष्ठा और समर्पण है जो इतनी भीषण गर्मी में भी स्वयंसेवक 15 दिन के प्रशिक्षण वर्ग में सीख रहे हैं। संघ शिक्षा वर्ग संघ के संगठनात्मक ढांचे में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण है, जिसका उद्देश्य संगठनात्मक विकास और नेतृत्व क्षमता का निर्माण करना है। प्रतिभागियों का दैनिक कार्यक्रम सुबह 4 बजे से शुरू होकर देर शाम तक चलता है। वर्ग में शाखा संचालन, संगठनात्मक सिद्धांत, समकालीन राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा तथा सामाजिक जागरूकता और समाज परिवर्तन से जुड़ी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है।

# सेवा सेतु पोर्टल और ऑनलाइन संचालन को लेकर दी गई ट्रेनिंग



बरमकेला। शासन द्वारा प्रशासनिक सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और जनसुलभ बनाने की दिशा में शुरू की गई सेवा सेतु योजना अब ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी डिजिटल पहल के माध्यम से अब नागरिकों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, बल्कि आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, नाम परिवर्तन हेतु साधारण राजपत्र अधिसूचना, भू नकल सहित 441 से अधिक शासकीय सेवाएं एक ही ऑनलाइन मंच पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसी उद्देश्य को लेकर जिले के विभिन्न विकासखंड मुख्यालयों में ई.डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सेवा केंद्र संचालकों को सेवा सेतु पोर्टल के संचालन, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन, समय सीमा में सेवा वितरण और नागरिकों को त्वरित सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

इसके अंतर्गत बरमकेला जनपद में सीईओ अजय पटेल के नेतृत्व में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराने संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार लगातार डिजिटल प्रशासन को बढ़ावा दे रही है। शासन का उद्देश्य है कि ग्रामीण अंचलों और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी शहरों की तरह सभी प्रशासनिक सुविधाएं आसानी से मिल सकें। इसी सोच के तहत पहले संचालित ई डिस्ट्रिक्ट व्यवस्था को उन्नत करते हुए सेवा सेतु के रूप में विकसित किया गया है। पहले नागरिकों को आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, भू नकल या विवाह प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनवाने के लिए अलग अलग कार्यालयों में कई बार जाना पड़ता था। कई बार लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों की भी बड़ी हानि होती थी। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विशेष रूप से अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सेवा सेतु पोर्टल ने इस पारंपरिक और जटिल प्रक्रिया को सरल बनाते हुए सभी सेवाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराया है।

# खुद पर भरोसा रखें, देश को ईमानदार अफसरों की जरूरत: ओपी



**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में शामिल हो रहे अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परीक्षा केवल प्रश्नपत्र नहीं, बल्कि समर्पण और दृढ़ता का महत्वपूर्ण पड़ाव है। श्री चौधरी ने अपने संदेश में कहा आज वह महत्वपूर्ण दिन है जिसके लिए आपने कई घंटे मेहनत और लगन से तैयारी की है। हर चुनौती और कठिनाई आपको और अधिक सक्षम तथा अनुभवपूर्ण बनाती है। उन्होंने अभ्यर्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा, अपने आप पर भरोसा रखें और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा दें। घबराहट को हावी न होने दें। जो पढ़ा है, जिस मेहनत से पढ़ा है, वो व्यर्थ नहीं जाएगा। एक पूर्व सिविल सेवक के तौर पर अपने अनुभव साझा करते हुए श्री चौधरी ने कहा, यूपीएससी सिर्फ नौकरी का रास्ता नहीं, देश सेवा का संकल्प है. आप अफसर बनकर उस अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचाने वाले सेतु बनेंगे। भारत को आपके जैसे ईमानदार, कर्मठ अफसरों की जरूरत है। उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के युवाओं से कहा कि माटी के लाल और बेटियां जब प्रशासन में जाएंगे तो नीतियों में जमीन की समझ आएगी। आपकी सफलता पूरे अंचल के लिए प्रेरणा बनेगी।

# दो मवेशी तस्कर गिरफ्तार, धरमजयगढ़ पुलिस ने की कार्रवाई



**कुड़ेकेला।** बीती रात धरमजयगढ़ पुलिस ने सफेद रंग की पिकअप को रोका। उसमें 8 मवेशियों को बांध रखा था। बेजुबान तड़प रहे थे और तस्कर उन्हें जशपुर की ओर ले जाने की तैयारी में थे। पुलिस ने मौके से गाड़ी में सवार दो आरोपियों को पकड़ लिया। दोनों को आरोपी बनाकर पुलिस अब आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। करतला थाना क्षेत्र से होते हुए छाल थाना क्षेत्र के हाटी रूट का इस्तेमाल इस पूरी कार्रवाई के बाद अब मवेशी तस्करी के इस काले खेल को लेकर एक बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक रायगढ़ पुलिस की सख्ती के बाद अब तस्करों ने पड़ोसी जिले का रुख किया है। मवेशी तस्करी का यह पूरा काला खेल इन दिनों कोरबा जिले के भैसमा में लगने वाले मवेशी बाजार से संचालित हो रहा है।

# चोर ने छोड़ दिया घर के बाहर आधा सामान और माफीनामा पत्र



**खरसिया।** खरसिया के पुरानी बस्ती तुर्रीभांटा में हुई चोरी मामले में नया मोड़ आ गया है। पीड़ित परिवार ने बताया कि रात लगभग 2 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर का दरवाजा खटखटाया गया। दरवाजा खोलने पर देखा गया कि चोर चोरी किए गए सामान का आधा हिस्सा वापस छोड़कर फरार हो गए।

उल्लेखनीय है कि 22 मई को संजय केसरवानी आत्मज मोतीलाल केसरवानी के घर का ताला तोडकर अज्ञात व्यक्ति ने सोने चांदी के आभूषण नगदी समेत लगभग साढ़े छह लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया था। प्राप्त जानकारी अनुसार संजय केशरवानी पिता मोतीलाल केशरवानी 38 तुरीभांठा खरसिया चौकी निवासी है। उसके अनुसार बीते 8 मई को पत्नी श्रीमती नीलू केशरवानी अपने मायके अंबिकापुर गई थी। संजय घर में अकेले रहता था। सुबह 8 बजे अपनी दुकान खोलने जाता था और रात में करीबन साढ़े 9 बजे अपने घर आ जाता था। 22 मई की सुबह 08 बजे अपने घर में ताला लगाकर दुकान खोलने गया था। रात करीबन साढ़े 9 बजे लौटा तो घर का ताला खोलकर अंदर गया तो देखा घर का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ था, घर के दो रूम का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर चेक करने पर अलमारी खुला था, दस्तावेज का अटैची भी खुला पड़ा हुआ था। संजय दूसरे रूम में जाकर देखा तो वहां पुश्तैनी तिजोरी का भी ताला टूटा हुआ था। उसमें रखा सोने का टॉप्स 2 नग, सोने का रानी हार 1 नग, सोने का हार 1 नग, सोने का चैन 2 नग, सोने का चूड़ी एक जोड़ी, सोने की अंगूठी 2 नग, सोने का मंगलसूत्र 1 नग, सोने का नाक का लौंग 4 नग, सोने का टॉप्स 1 नग, सोने का बाली 2 नग, सोने का लॉकेट छोटा 4 नग, सोने का झुमका 1 नग, सोने का लटकन 1 नग, सोना टूटा हुआ, चांदी का करधन 2 नग, चांदी का पंजा 2 नग, चांदी का बाजूबंध 1 नग, चांदी का कड़ा 11 नग, चांदी का पायल 15 जोड़ी, चांदी का चाबी गुच्छा 3 नग, चांदी का बिछिया 18 जोड़ी, समेत करीब 6 लाख 50 हजार और नगदी 32 हजार को अज्ञात चोर पार कर दिया था। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ 331(2), 305(ए) तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने डाग स्क्वायड के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस की विवेचना चल ही रही थी कि 23 मई की रात करीब दो बजे घर के दरवाजे को पीटने की आवाज आई, लेकिन संजय ने डरके मारे दरवाजा नहीं खोला। सुबह उठकर देखा तो दरवाजा के बाहर लाल थैला में कुछ रखा है तो पुलिस को सूचना दिया। थैला में चोरी गए आभूषण का एक हिस्सा और एक माफीनामा का पत्र मिला जिसे पुलिस जब्त कर ले गई है।

# गुरुजी के घर से हुआ अवैध शराब कबाड़ और डीजल-पेट्रोल जब्त



**कुड़ेकेला।** छाल थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने गुरु की गरिमा को तार तार कर दिया है। जहाँ बच्चों को भविष्य संवारने का पाठ मिलना चाहिए था वहाँ से अवैध कमाई का काला तेल और कबाड़ बरामद हुआ है। छाल पुलिस ने एक गुरुजी के ठिकाने पर तड़के दबिश देकर अवैध शराब और कबाड़ पकड़ा है।

पुलिस को काफी समय से ताराचंद पटेल गुरुजी के घर की चहारदीवारी के पीछे कुछ और ही खिचड़ी पकने की सूचना मिल रही थी। गुरुजी के घर में अवैध डीजल पेट्रोल और कबाड़ का भंडारण किया गया है। हैरानी की बात तो यह है कि इस अवैध कारोबार की कमान कोई और नहीं बल्कि गुरुजी की धर्मपत्नी पुष्पा पटेल संभाल रही थी। पुष्पा पटेल पर आरोप है कि वह इस अवैध ईंधन को बाजार से कहीं ऊंचे और मनमाने दामों पर लोगों को बेचकर मोटी मलाई काट रही थीं। जैसे ही छाल पुलिस की टीम ने गुरुजी के घर पर अचानक दबिश दिया तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से अवैध 50 लीटर डीजल प्लास्टिक के डिब्बे में कीमत लगभग 5 हजार और 50 लीटर पेट्रोल और अवैध कबाड़ 2 क्विंटल वाहन माल ढोने में इस्तेमाल होने वाली एक पिकअप गाड़ी पुलिस ने गाड़ी कबाड़ और अवैध ईंधन समेत दो लाख पंद्रह हजार का मशरूका जब्त किया है।

